तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 15.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 3 मार्च 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4
उधर सीएम ने दबाया बटन, इधर मोबाइल में आने लगे खुशियों के मैसेज



## खबर संक्षेप

### छात्रों ने किया खुदिया रानी मंदिर परिक्षेत्र का सर्वेक्षण



**जशपुरनगर।** शासकीय एन ई एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के छात्र-छात्रायें द्वारा खुड़िया रानी मंदिर परिक्षेत्र का सर्वेक्षण किया गया जिसका उद्देश्य क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों का अध्ययन करना था, ताकि विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके और वे अपने सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहार में लागू कर सकें इस कार्यक्रम का निर्देशन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमरेन्द्र सिंह एवम समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष जेआर भगत के कुशल मार्गदर्शन द्वारा किया गया। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित की तथा स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर सामाजिक संरचना, शिक्षा स्तर, स्वास्थ्य स्थिति एवं आजीविका से संबंधित तथ्य संकलित किए। इस अवसर पर अथिति विद्वान विद्यावती भगत और बबित भगत उपस्थित रहे। यह सामाजिक सर्वेक्षण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। इससे उन्हें समाज के वास्तविक स्वरूप को समझने तथा अध्ययन को व्यावहारिक रूप देने का अवसर प्राप्त हुआ।

### जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंडों में लगेगा कैंप

**जशपुरनगर।** जशपुर में 10वीं पास नवयुवकों के लिए रोजगार के अवसर! एसआईएस ग्रुप द्वारा 6 मार्च से 13 मई तक जिला मुख्यालय और विकास खंडों में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अलग-अलग तारीखों पर अलग-अलग जगहों पर कैंप लगेंगे। इनमें जनपद पंचायत बगीचा में 6 मार्च एवं 1 मई, जनपद पंचायत पत्थलगांव में 7 मार्च एवं 2 मई को, जनपद पंचायत कांसाबेल में 3 मार्च एवं 4 मई को, जनपद पंचायत फरसाबहार में 10 मार्च एवं 5 मई को, जनपद पंचायत कुनकुरी में 11 मार्च एवं 6 मई को, ग्राम पंचायत नारायणपुर में 12 मार्च एवं 7 मई को, जनपद पंचायत दुलदुला में 13 मार्च एवं 8 मई को, जनपद पंचायत मनोरा में 14 मार्च एवं 9 मई को, ग्राम पंचायत सन्ना में 16 मार्च एवं 11 मई को, जनपद पंचायत जशपुर में 17 मार्च एवं 12 मई को तथा लाईवलीहुड कॉलेज डोडकाचौरा में 18 मार्च एवं 13 मई को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन होगा।

### विज्ञान मेला में बच्चों ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा

**सेदम।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बनिया टिकरा संकुल मंगारी शाला स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन रोचक, रंगारंग एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। विज्ञान मेला में बच्चों द्वारा विज्ञान विषय पर आधारित प्रायोगिक कार्य किए गए उसे विज्ञान मेले में बड़े ही रोचक एवं आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। इस मौके पर शाला परिवार के सदस्य प्रधान पाठक देवमती पैकरा, विज्ञान शिक्षिका लिली मॉरिस केरकट्टा, विनोद दास, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक गंगेश्वर राम पैकरा, चिंतामणि मिंज सहित अन्य मौजूद रहे।

### एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु 2438 ने दी परीक्षा

**बलरामपुर।** जिले में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन किया गया। जिले के 11 केन्द्रों में आदिवासी विकास विभाग द्वारा परीक्षा का संचालन किया गया। प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 2737 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 2438 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए अपर कलेक्टर आरएस लाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था।

## मधुमक्खियों के छत्तों से बढ़ा खतरा

# तपकरा की राइस मिल में भीषण आग, तीन फायर ब्रिगेड मौके पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के तपकरा क्षेत्र में ओडिशा–झारखंड सीमा के पास स्थित एक राइस मिल में सोमवार शाम अचानक भीषण आग लगने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार ऊपरकछार गांव में संचालित शम्भु गुप्ता के राइस मिल में शाम करीब 4 बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं और मिल परिसर का बड़ा हिस्सा उसकी चपेट में आ गया। आग इतनी भयंकर थी कि उसे नियंत्रित करने के लिए दमकल विभाग की तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। दमकल कर्मी लगातार आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हालात को काबू में लाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

■ कर्मचारियों और दमकल कर्मियों में दहशत का माहौल





### मधुमक्खियों के छत्तों ने बढ़ाया खतरा, दमकल कर्मी दहशत में

मौके पर राइस मिल की छत और आसपास बड़ी संख्या में मधुमक्खियों के छत्ते होने के कारण डर और दहशत का माहौल बना हुआ है। आग बुझाने के दौरान मधुमक्खियों के हमले का खतरा बना हुआ है, जिससे दमकल कर्मियों और कर्मचारियों को काफी सतर्कता के साथ काम करना पड़ रहा है। कुछ समय के लिए मिल के कर्मचारी भी अंदर फंस गए थे, जिससे अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।

### 100 मीटर की दूरी पर पुलिस चौकी और दूसरे राइस मिल

बताया जा रहा है कि यह राइस मिल पुलिस चौकी से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। वहीं इसके ठीक बगल में जिंदल राइस मिल भी मौजूद है, जिसके कारण आग के और फैलने का खतरा बना हुआ है। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और आसपास के लोगों को सुरक्षित दूरी पर रहने की सलाह दी गई है।

### ग्रामीणों ने की दमकल कर्मियों की सहायता

स्थानीय ग्रामीण भी मौके पर मौजूद हैं और पानी की व्यवस्था कर दमकल कर्मियों की मदद कर रहे हैं। हालांकि देर शाम तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था। फिलहाल आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और प्रशासन मामले की जांच में जुट गया है।

# 2 माह में 361 गौवंश मुक्त 75 लाख के 18 वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में गौ-तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ने निर्णायक मोड़ ले लिया है। जशपुर पुलिस ने 'ऑपरेशन शंखनाद' और 'ऑपरेशन आघात' के तहत विगत दो माह में की गई कार्रवाई का विस्तृत रिपोर्ट कार्ड जारी करते हुए दावा किया है कि अंतरराज्यीय तस्करी गिरोहों के नेटवर्क पर करारा प्रहार किया गया है। आंकड़े बताते हैं कि जनवरी 2026 से अब तक 361 गौवंश को मुक्त कराया गया, जबकि 75 लाख रुपए मूल्य के 18 वाहन जब्त किए गए हैं। इस अवधि में 20 गौ-तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

■ जशपुर पुलिस का बड़ा दावा तस्करी नेटवर्क की कमर तोड़ी, 20 आरोपी जेल में

जानकारी के अनुसार 28 फरवरी को थाना लोदाम एवं सिटी कोतवाली जशपुर की संयुक्त टीम ने मुखबिर सूचना के आधार पर सघन घेराबंदी कर कार्रवाई की। इस दौरान 19 नग गौवंश को तस्करी से बचाया गया। पुलिस ने मौके से संदीप कुमार राय उम्र 35 वर्ष अमर कुमार शाह उम्र 26 वर्ष दोनों निवासी ग्राम पोझी, भुवालपुर, जिला सारन (बिहार) को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से एक पीकअप वाहन जब्त किया गया, जिसका उपयोग गौ-तस्करी में किया जा रहा था।इसी कार्रवाई के क्रम में पोड़ी रोड पर एक स्कार्पियो क्रमांक जेएच 01 जी 6820 में ठूंसकर ले जाए जा रहे 6 गौवंश को भी मुक्त कराया गया। हालांकि वाहन चालक व अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने विशेष टीम गठित कर एंड-टू-एंड जांच शुरू कर दी है, ताकि फरार आरोपियों और पूरे नेटवर्क ⏭ शेष पेज 4 पर

# बड़े भाई की बेरहमी से हत्या सगे भाई को उम्रकैद

**जशपुरनगर।** रक्त संबंधों की पवित्रता को कलंकित कर देने वाली एक हृदय विदारक घटना में जशपुर जिले की कुनकुरी सत्र न्यायालय ने एक व्यक्ति को अपने ही बड़े भाई की निर्मम हत्या के अपराध में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पारिवारिक विवाद की आग में भड़की हिंसा ने एक घर को हमेशा के लिए उजाड़ दिया। लगभग दस महीनों तक चले विचारण, वैज्ञानिक साक्ष्यों और गवाहियों के सूक्ष्म परीक्षण के बाद द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, कुनकुरी बलराम कुमार देवांगन ने आरोपी वैद व बैध कुमार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत दोषसिद्ध ठहराते हुए आजीवन कारावास का दंड सुनाया।



### बड़े भाई के हस्तक्षेप पर की हत्या

यह मामला थाना तुमला क्षेत्र के ग्राम कुल्हारबुड़ा मोहानटोली का है। 23 अप्रैल 2025 की शाम लगभग 7 से 8 बजे के बीच आरोपी का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। घर के भीतर हो रहा झगड़ा जब बढ़ने लगा तो बड़े भाई अभिमन्यु ने हस्तक्षेप कर छोटे भाई को पत्नी से मारपीट करने से रोका। किंतु यही हस्तक्षेप उसके जीवन का अंतिम क्षण सिद्ध हुआ। अभियोजन के अनुसार, आरोपी ने क्रोध में आकर डंडे से अपने बड़े भाई के सिर, कान, माथे और आंख के पास लगातार वार किए। गंभीर चोटों से लहूलुहान अभिमन्यु की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

### घटना कैसे बनी खून की कहानी

घटना की सूचना अगले दिन 24 अप्रैल की सुबह मृतक के छोटे भाई लालधर राम द्वारा पुलिस चौकी कोल्हेनझरिया में दी गई। पुलिस ने तत्परता से मर्ग इंटीमेशन दर्ज कर जांच प्रारंभ की। घटनास्थल से खून से सनी मिट्टी, डंडे के टुकड़े, आरोपी के खून लगे कपड़े और अन्य महत्वपूर्ण वस्तुएं जब्त की गईं। पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्यवाही पूरी की गई, जिसमें स्पष्ट हुआ कि मृत्यु सिर पर गंभीर चोटों के कारण हुई है।

### सामाजिक संरचना पर आघात

प्रकरण सत्र क्रमांक 31/2025 के रूप में विचाराधीन रहा। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक पुष्पा सिंह ने सशक्त और प्रभावी पैरवी करते हुए अदालत को बताया कि यह अपराध न केवल जघन्य है बल्कि सामाजिक संरचना को भी आहत करने वाला है। उन्होंने कड़ी से कड़ी सजा की मांग की। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने इसे प्रथम अपराध बताते हुए आरोपी की उम्र और पारिवारिक परिस्थिति को आधार बनाकर नरमी की अपील की।

### अक्षम्य और गंभीर अपराध

सभी पक्षों को सुनने और साक्ष्यों का गहन परीक्षण करने के बाद न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट कहा कि अभियुक्त द्वारा अपने ही भाई की हत्या किया जाना अत्यंत गंभीर और अक्षम्य अपराध है। हालांकि अदालत ने इसे "विरलतम से विरल" श्रेणी में नहीं माना, इसलिए मृत्युदंड के स्थान पर आजीवन कारावास को उपयुक्त दंड बताया। अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास तथा 1000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया।

### कृषक उन्नति योजना के तहत सहायता राशि का विवरण

**सलका अघिना।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केशव नगर में कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि का वितरण किया गया। विकासखंड के 13221 धान बेचने वाले कृषकों के खाते में 60 करोड़ 91 लाख 5241 की राशि हस्तांतरण कृषकों के खाते में ऑनलाइन के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती स्वाति सिंह ने कहा कि कृषकों को समन्वित कृषि को भी अपनाया जाना चाहिए ताकि वर्षभर आय के स्रोत बना रहे। जनपद उपाध्यक्ष मनमथ बछाड़ ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार कृषकों की हितैषी सरकार है और हर हमेशा सरकार कृषकों के हित में हमेशा निर्णय ले रही है।

# मेरी जिम्मेदारी मेरे पद की नहीं बल्कि मेरी सेवा की है: जूदेव

**जशपुरनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव के मनोनयन के पश्चात प्रथम बार कांसाबेल और महादेवदंड पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका ऐतिहासिक स्वागत किया।

बाजे गाजे और आतिशबाजी के बीच युवाओं का ऐसा हुजूम उमड़ा कि समूचा क्षेत्र 'जय श्री राम',जय जूदेव और 'भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी व पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता एवं भाजयुमो के जिला महामंत्री विकास राजा सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विजय आदित्य सिंह जूदेव ⏭ शेष पेज 4 पर



### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता,धर्मपाल अग्रवाल, सुदाम पंडा,घनश्याम अग्रवाल, अमित जिंदल, समरजीत चांद, आलोक सारथी, गणेश जैन, नवीन जिंदल, भाजयूमो महामंत्री मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र के संयोजक और भाजयुमो के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने विजय आदित्य सिंह जूदेव को आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

### हमारी एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत बनेगी

उन्होंने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि युवा मोर्चा का हर एक कार्यकर्ता खुद को जिलाध्यक्ष महसूस करे। हम मिलकर जशपुर की इस पावन धरा पर संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। आने वाले समय में हमारी एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत बनेगी।

### वरिष्ठ नेताओं का मिला मार्गदर्शन

पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि विजय आदित्य सिंह जूदेव के नेतृत्व में जिले का युवा मोर्चा और अधिक सशक्त होगा। युवाओं की ऊर्जा ही पार्टी की असली पूंजी है।

# 2 दिन में 100 लीटर से ज्यादा अवैध शराब जब्त

**जशपुरनगर।** पुलिस ने होली पर्व से पहले अवैध शराब के खिलाफ जिलेभर में बड़ा अभियान छेड़ दिया है। डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार के मार्गदर्शन में चल रही कार्रवाई में पिछले दो दिनों में 23 से अधिक प्रकरण दर्ज किए गए हैं। पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी में 100 लीटर से अधिक कच्ची महुआ, देसी और अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

1 मार्च को सिटी कोतवाली क्षेत्र में 7 अलग-अलग मामलों में 50 लीटर देसी महुआ शराब जब्त की गई। 7 आरोपियों के खिलाफ धारा 34(1) और 34(2) के तहत केस दर्ज हुआ। थाना पत्थलगांव क्षेत्र के सुड़कीपारा, ⏭ शेष पेज 4 पर



### बागबहार, फरसाबहार, बगीचा, कांसाबेल और दोकड़ा में भी कार्रवाई

मयूर नाचा में घर पर शराब पिलाने के मामले में धारा 36(ग) के तहत कार्रवाई, 100 एमएल कच्ची महुआ जब्त। भगोरा तिराहा में सार्वजनिक स्थल पर शराब पीते पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ धारा 36(च) के तहत कार्रवाई। महादेवडांड, डूमरटोली, डबनीपानी और बासबहार में कार्रवाई कर 14 लीटर से अधिक कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। जशपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि होली शांतिपूर्ण और नशामुक्त माहौल में मनाएं। कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।

# पुराने मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए भेजा जाएगा प्रस्ताव



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला पुरातत्व समिति की बैठक आयोजित की गई। और जशपुर के पुरातत्व धरोहर को सहेजने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जशपुर विधायक रायमुनि भगत, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा और जिला पुरातत्व समिति के सदस्य उपस्थित थे। कलेक्टर ने समिति के सदस्यों को जशपुर के सभी विकास खंडों में चिन्हांकित पुरातत्व जगह को सूची बनाने के निर्देश दिए हैं। ताकि संबंधित विभाग को जानकारी भेजी जा सके और जशपुर के पुरातत्व धरोहर को सहेज कर रखा जा सके।

विधायक रायमुनि भगत ने जशपुर विकासखंड के कुछ पुरातत्व जगह का नाम का सुझाव भी दिए हैं। इनमें ग्वालिन सन्ना देवकोना तमता आदि जगहों का भी नाम पुरातत्व धरोहर की चर्चा की गई है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को जशपुर जिले के सभी विकास खंडों के चिन्हांकित पुराने मंदिरों के जीर्णोद्धार के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समिति के सदस्यों को पुरातत्व वाली जगहों का अवलोकन कर उस जगह की विशेषता और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी संग्रहीत करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा जिन गांवों में प्राचीन पुरातत्व धरोहर हैं वहां पर ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव लेकर उस जगहों को संरक्षित और सुरक्षित रखने के लिए कहा है। समिति के सदस्यों ने अपने अपने सुझाव भी दिए हैं। इनमें पर्यटन स्थल खुड़िया रानी, भैरव पहाड़ मंदिर, रानी कम्बो, आदि अन्य महत्वपूर्ण जगह के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई है।

### जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं

कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएं एवं मांगों की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें अपनी समस्या के समाधान की स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके। उन्होंने जनसुविधाओं से जुड़े प्रकरणों पर संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने पर जोर दिया।

## सरगुजा और बस्तर के विकास को प्राथमिकता: रायमुनि भगत

# विकसित भारत का आधार है राज्य सरकार का बजट: गोमती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में वित्त मंत्री ओपी चैधरी द्वारा प्रस्तुत किये गए बजट में गरीब,मध्यम वर्ग, महिला, युवा सभी वर्गो के हितों का ख्याल रखा गया है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसीत भारत के परिकल्पना को सकार करने वाला है। उक्त बातें पत्थलगांव की विधायक और सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने कही। वे जिला भाजपा कार्यालय राधाकांत भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रही थी। इस पत्रकारवार्ता में जशपुर की विधायक रायमुनि भगत और पार्टी के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय भी उपस्थित।



गोमती साय ने कहा कि बस्तर और सरगुजा को विकास की मुख्यधारा में लाना साय सरकार की प्राथमिकता है। इसकी झलक बजट में दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि बजट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरगुजा विकास प्राधिकरण का बजट 50 करोड़ से बढ़ा कर 70 कर दिया है। इस राशि से सरगुजा संभाग के अधोसंरचना के विकास में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरगुजा संभाग में औद्योगिक विकास के लिए 200 करोड़ से औद्योगिक पार्क की स्थापना का प्राविधान गेम चेंजर साबित होगा। इससे संभाग में विकास और रोजगार के ⏭ शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा से ग्रामीणों को मिली राहत

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा ने ग्रामीण अंचल के लोगों को बडी राहत दी है। खेलों के विकास के लिए जशपुर में आचरी सेंटर का उपहार दिया गया है। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए जशपुर की विधायक रायमुनि भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर का ऐतेहासिक विकास हो रहा है। बीते लगभग ढाई साल के दौरान हुए विकास कार्य अब जमीन में दिखने लगे हैं। उन्होनें कहा कि वित्त मंत्री ओपी चैधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट समावेशी बजट है। इसमें राज्य के चहुमुंखी विकास की कार्ययोजना रखी गई है। उन्होनें कहा कि युवा किसी भी देश और समाज के आधार होते हैं। इसी को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बजट में एआई और स्टार्टअप को प्राथमिकता दी गई है।

## खबर संक्षेप

### भद्रा के कारण 4 को खेली जाएगी होली, 3 को लगेगा चंद्रग्रहण

**बिश्रामपुर।** होली पर्व से ठीक पहले लगने वाले चंद्रग्रहण और भद्रा के कारण इस वर्ष त्योहार की तिथियों को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। श्री



संकट मोचन हनुमान मंदिर के आचार्य पंडित बाल किशुन गर्ग ने इस संबंध में स्थिति स्पष्ट की है। आचार्य श्री गर्ग के अनुसार इस वर्ष होलिका दहन 2 मार्च की रात्रि 2 बजे से 4 बजे भोर के बीच करना श्रेष्ठ रहेगा वहीं 3 मार्च मंगलवार को सायं 6 बजे से 6.47 बजे तक खंडग्रास चंद्रग्रहण रहेगा। चंद्रग्रहण का सूतक काल 3 मार्च को प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होकर सायं 6.47 बजे ग्रहण मोक्ष तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने बताया कि संवत 2082 फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा को ग्रस्तोदित खंडग्रास चंद्रग्रहण लगेगा। धर्मशास्त्र के अनुसार 3 मार्च को चंद्रोदय सायं 5 बजकर 59 मिनट पर होगा तथा 6 बजकर 47 मिनट पर ग्रहण का मोक्ष होगा। इस दौरान पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र एवं सिंह राशि का संयोग रहेगा। धर्मशास्त्रों के अनुसार ग्रहण काल में भोजन और जलपान निषेध माना गया है। हालांकि यह नियम बालक, वृद्ध एवं रोगियों पर लागू नहीं होता। ग्रहण के समय प्रभु स्मरण, जप-तप, दान, श्राद्ध एवं धार्मिक कृत्य करना शुभ माना गया है। आचार्य ने बताया कि ग्रहण काल में किया गया मंत्र-जप करोड़ों गुना फलदायी होता है। आचार्य श्री गर्ग ने बताया कि 3 मार्च को प्रातः 5.18 से सायं 4.56 बजे तक भद्रा का प्रभाव रहेगा। भद्रा के कारण 3 मार्च को होली खेलना शुभ नहीं है इसलिए रंगोत्सव 4 मार्च को मनाना उचित रहेगा।

### फरवरी माह के अंतिम दिन दस कोल कामगार हुए सेवानिवृत्त

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के विभिन्न खदानों में कार्यरत दस कोल कर्मचारी शनिवार 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो गए,इस अवसर पर संबंधित इकाइयों में विदाई समारोह आयोजित कर प्रबंधन एवं सहकर्मियों ने भावभीनी विदाई दी,सेवानिवृत्त होने वालों में अमेरा ओपन कास्ट खदान से कैलाश नाथ सिंह, गायत्री खदान से बृजमोहन लाल, पटवारी केतकी खदान से सत्यदेव सिंह, कुमदा सब एरिया से हरिलाल, बिश्रामपुर ओसी से परेश बरन सिन्हा तथा बलरामपुर 10-12 नंबर खदान से रामजतन, केशव प्रसाद और जगदीश प्रसाद सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं,सभी कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल पर आयोजित कार्यक्रम में शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया,साथ ही समस्त देयकों का स्वीकृति पत्र, मेडिकल कार्ड एवं कंपनी की ओर से उपहार प्रदान कर उनके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की गई,गौरतलब है कि एसईसीएल में प्रतिमाह बड़ी संख्या में कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं,कोयला खनन कार्य में बढ़ते मशीनीकरण और निजी कंपनियों की बढ़ती भागीदारी के चलते मानव संसाधन की आवश्यकता में कमी आई है,सीआईएल प्रबंधन द्वारा भी सीमित संख्या में भर्ती किए जाने से कर्मचारियों की संख्या लगातार घट रही है,जानकारी के अनुसार, बिश्रामपुर क्षेत्र में कभी आठ हजार से अधिक कर्मचारी कार्यरत थे, जो अब घटकर लगभग 2200 से भी नीचे रह गए हैं,लगातार सेवानिवृत्ति और कर्मचारियों के परिवार सहित अन्य शहरों की ओर पलायन से स्थानीय व्यापार पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है,कई व्यवसायी भी रोजी-रोटी की तलाश में रायपुर,बिलासपुर जैसे बड़े शहरों की ओर रुख कर पलायन कर चुके हैं। स्थानीय नागरिकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि कोयला उत्खनन के बाद खाली पड़ी हजारों एकड़ भूमि को समतल कर वहां बड़े उद्योग स्थापित किए जाएं, ताकि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित हों और पलायन पर रोक लग सके।

### 37 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए अशोक कुमार, दी गई विदाई

अम्बिकापुर। जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 में सहायक ग्रेड 2के रूप में कार्यरत अशोक कुमार सोनी अपनी सेवा से निवृत्त हो गए उनके



सेवानिवृत्ति के अवसर पर विभाग द्वारा एक समारोह आयोजित कर विदाई दी। इस अवसर पर अशोक कुमार सोनी को उनके लंबे और समर्पित सेवा के लिए उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर भी सम्मानित किया गया। विभाग के एसडीओ डीआर ढीढी ने उनके साथ काम किये गए अनुभव को साझा किय। विभाग के कार्यपालन अभियंता एपी निरंजन ने कहा कि अशोक सोनी न सिर्फ बेहतर कर्मचारी के रूप में अपनी पहचान बनाई बल्कि वे एक अच्छे व्यक्तित्व के भी धनी थे। अशोक कुमार सोनी ने अपने सेवा काल में जल संसाधन संभाग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपनी सेवाओं से विभाग को लाभान्वित किया। कार्यक्रम के अंत में अशोक कुमार सोनी ने अपने भावुक शब्दों मे सहयोगियों और वरिष्ठ अधिकारियों को धन्यवाद दिया और कहा कि वे हमेशा विभाग के साथ जुड़े रहेंगे और अपने अनुभव को साझा करने के लिए तैयार रहेंगे। इस दौरान एसडीओ वीआर साहू, एसडीओ एके आर्मो, सब इंजीनियर आदित्य साहू, सलमान समेत विभाग के स्टाफ मौजूद थे।

### पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान चालकों पर की गई चालानी कार्रवाई

शंकरगढ़। होली को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर के निर्देशानुसार थाना प्रभारी जितेंद्र जयसवाल ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया।होली त्यौहार के मद्देनजर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की सघन जांच की गई।

## विभिन्न वेरायटी की पिचकारियां दुकान में उपलब्ध

# रंग गुलाल से सजा बाजार, बच्चों को भा रहे कार्टून-मुखौटे

*हर्बल गुलाल सहित पिचकारियों के दाम में भी 10 से 20 फीसद तक बढ़ गए*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अम्बिकापुर

होली त्यौहार को एक दिन शेष है वहीं होलिका दहन को लेकर तैयारियां जोरों पर है। सोमवार को शुभ मुहूर्त पर होलिका दहन किया जाएगा। इधर अब शहर में होली का बाजार सज गया है। बाजार में मुखोटे, नकली बाल, मूंछ के साथ कई रंग के अबीर-गुलाल और रंग-बिरंगी पिचकारियां आ गई है। इस बार बाजार में बच्चों को लुभाने कई तरह की पिचकारी भी आई है। गन पिचकारी की भी बाजार में धूम मची हुई है। अभी खरीदारी करने ग्राहक कम आ रहे है वहीं दुकानदार होली के एक दिन पहले बेहतर बिकवाली की उम्मीद लगाए बैठे है। शहर में होलिका दहन से लेकर परंपरागत तैयारी चल रही है। हालांकि इस बार पिचकारी और रंगों के दाम में 10 से 20 फीसद तक दाम बढ़ गए हैं।

**खास बात**

- रंग गुलाल व पिचकारी में 10 से 20 फीसद बढ़े दाम

शहर के घड़ी चौक, देवीगंज रोड, स्कूल रोड, सदर रोड सहित गली-मोहल्लों में छोटी-बड़ी दुकानें लग चुकी हैं। थोक कारोबारियों ने भी भरपूर स्टाक मंगाया है। इस बार अच्छी ग्राहकी की उम्मीद में व्यापारियों ने सामान लाया हैं। हर्बल गुलाल सहित पिचकारियों के दाम भी 10 से 20 फीसद तक बढ़ गए हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस बार बाजार में भी रौनक है। पिछले साल को छोड़ दे तो होली के 15 से 20 दिन पहले ही ग्राहकी प्रारंभ हो जाती थी,इस साल भी अब बाजार में रौनक बढ़ती जा रही है। बाजार में इस वर्ष पिचकारी की विभिन्न वैरायटी दुकान संचालकों द्वारा मंगाई गई है। जिसमे छोटा भीम, एयर पिस्टल सहित अन्य पिचकारी बच्चों को खुब भा रही है। इसके अलावा छोटे व बड़ों के लिए विभिन्न वैरायटी के स्पाइडर मैन, शैतान सहित अन्य मास्क भी बाजार में आए है। मुखौटा 10 रुपए से लेकर 250 सौ रूपए जबकि पिचकारी 20 रुपये से लेकर 7 सौ रुपये से अधिक कीमत के उपलब्ध है। युवाओं होली के दिन अपनी अलग पहचान बनाने के लिए मुखौटा के साथ साधु संत व अन्डर टेकर वाले बीक को काफी पसंद कर रहे है। दुकान संचालकों ने बताया कि इस वर्ष रंग-गुलाल, अबीर, पिचकारी व मुखौटा की कीमत में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



होली के लिए रंग, गुलाल व मुखौटों से सजी दुकान।

**बेहतर व्यापार की उम्मीद**

व्यवसायियों का कहना है कि इस बार बेहतर व्यापार की उम्मीद है। होली के परंपरागत रंगों के अलावा बच्चों के लिए कई वेरायटी की पिचकारियां भी आ गई है। उन्होंने बताया कि परिवहन के साथ उत्पादन खर्च बढ़ने से सामानों के दाम में भी थोड़ी वृद्धि हुई है। हर क्षेत्र में महंगाई है, इसका असर होली बाजार में भी थोड़ा रहेगा लेकिन बेहतर बिकवाली की उम्मीद है। लोगों में खासा उत्साह है।

**रिएक्शन होने पर कराएं जांच**

चिकित्सकों का कहना है कि जितना हो सके लोगों को सुखी होली खेलने चाहिए और केमिकल रंगों से बचना चाहिए। ब्रांडेड गुलाल का इस्तेमाल करना चाहिए। गुलाल इस तरह से लगाएं कि वह आंख व मुंह में न जाए। इससे कई लोगों को परेशानी सामने आती है। जितना हो सके रंगों से परहेज करें। गुलाल लगाने के बाद अगर किसी प्रकार का रिएक्शन होता है तो तत्काल चर्म रोग स्पेशलिस्ट से संपर्क करें ताकि जो भी रिएक्शन हुआ है वह और ज्यादा न बढ़े।

## लटोरी में अवैध परिवहन पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई 5 हाइवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिश्रामपुर

लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन और गिट्टी–मुरूम के बेधड़क परिवहन की शिकायतों से घिरे लटोरी क्षेत्र में रविवार को खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच वाहनों को जब्त किया है,इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र में पिछले कुछ समय से बिना रॉयल्टी और वैध दस्तावेजों के रेत,गिट्टी और मुरूम का परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा था,स्थानीय ग्रामीणों की शिकायतों और विभागीय निगरानी के बाद रविवार को खनिज विभाग सूरजपुर की टीम ने सुनियोजित तरीके से कार्रवाई की,खनिज अमले ने लटोरी क्षेत्र के विभिन्न मार्गों और संभावित रूटों पर घेराबंदी कर तीन हाइवा मुरूम से भरे,एक हाइवा गिट्टी लोड तथा एक मिनी ट्रक रेत से भरा वाहन पकड़ा,ज्ञात हो कि खनिज विभाग द्वारा यहां पर हाइवा क्रमांक एमपी 18 जीए 3417,हाइवा क्रमांक एमपी 18 जीए 3418,हाइवा क्रमांक एमपी 18 जीए 3421, हाइवा क्रमांक सीजी 15 डीए 1671,मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 29 एएच 7107 को जब्त कर लटोरी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। आगे की वैधानिक कार्रवाई खनिज अधिनियम के तहत की जा रही है, सूत्रों के अनुसार लटोरी समेत जयनगर कांसापारा, राजापुर, सोहागपुर रामनगर, कुरूवां, हर्राटिकरा और आसपास के क्षेत्रों में अवैध खनिज परिवहन से शासन को राजस्व की भारी क्षति हो रही है। कई बार रात के अंधेरे में और कभी मुख्य सड़कों से दिनदहाड़े खनिज सामग्री का परिवहन किया जा रहा है।खनिज विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है,बिना वैध दस्तावेज के खनिज सामग्री का परिवहन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।लगातार हो रही कार्यवाही के दौरान कई वाहन चालकों ने अपने रूट बदल लिए, तो कुछ ने परिवहन कार्य को अस्थायी रूप से रोक देने की खबर है।

## शराब बिक्री कर रही महिला गई जेल

**अम्बिकापुर।** घर में अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री कर रही महिला को आबकारी टीम ने गिरफ्तार किया। आबकारी टीम ने महिला के पास से 13 लीटर शराब जब्त किया। महिला को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे आबकारी टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि मठपारा में निवासी दुर्गावती पति देवराज साहू (45 वर्ष) बड़ी मात्रा में महुआ शराब बनाकर बिक्री कर रही है। सूचना पर आबकारी उप निरीक्षक अनिल गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने महिला के घर के दबिश देकर उसके पास से 13 लीटर महुआ शराब जब्त किया। टीम ने महिला के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, 34(2), एवं 59क के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से महिला को जेल भेज दिया गया है।

## होली व रमजान पर्व के मद्देनजर थाना में हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिश्रामपुर

होली और रमजान पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रविवार को बिश्रामपुर थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैकरा ने की। इस दौरान तहसीलदार लटोरी सुरेन्द्र पैकरा भी उपस्थित रहे।

- आपातकाल स्थिति में एम्बुलेंस और चिकित्सा दल को तैयार रखने पर किया गया फोकस

थाना प्रभारी प्रकाश राठौर ने सभी उपस्थित जनों से होली और रमजान का पर्व आपसी सौहार्द एवं शांति के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने अधिकारियों से होली के दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इमरजेंसी सेवाएं सुचारु रखने, चिकित्सकों की विशेष ड्यूटी लगाने तथा एंबुलेंस की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निवेदन किया।साथ ही नदी-नालों, स्टॉप डेम व एनीकेट में किसी भी दुर्घटना की स्थिति में गोताखोरों की टीम ऑन कॉल उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया गया। बैठक में नशे की हालत में वाहन न चलाने, तीन सवारी न बैठाने तथा किसी को जबरन रंग न लगाने पर सहमति बनी। सभी चेकिंग प्वाइंट पर पुलिस बल तैनात करने का निर्णय भी लिया गया।वर्तमान में बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए थाना प्रभारी ने तेज साउंड में डीजे नहीं बजाने की अपील की गई।बैठक में एएसआई विशाल मिश्रा, गुड्डु कुशवाहा, प्रधान आरक्षक निर्मल सिंह, दीपक चौधरी, आरक्षक अखिलेश्वर पांडेय, अजय राव सहित थाना स्टाफ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### नशे में वाहन चलाया तो होगी कार्रवाई जबरदस्ती रंग और डीजे पर भी रोक

**सोनगरा।** होली पर्व को लेकर भटगांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। बैठक में थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी पर भी जबरदस्ती रंग न डाले,त्योहार की आड़ में हुड़दंग या असामाजिक गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। यदि कोई व्यक्ति कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करता पाया गया तो उसके खिलाफ तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में तहसीलदार शिवनारायण राठिया, नपं सीएमओ राजेश कुशवाहा,शरद चन्द्र द्विवेदी, जेपी गुप्ता, मोहन प्रताप सिंह, सुजीत मिश्रा, शशि रंजन सिंह, पप्पू मिश्रा, खुलेश्वर राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।



## स्व सहायता समूह की महिलाओं ने पकड़ी आत्मनिर्भरता की राह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सलका-अधिना

दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत इंदिरा गांधी महिला क्लस्टर सलका में आयोजित आमसभा आत्मनिर्भरता के संकल्प और महिला सशक्तिकरण के संदेश के साथ संपन्न हुई।

मुख्य अतिथि वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि सरकार स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य गरीब परिवारों, विशेषकर महिलाओं को वित्तीय सेवाओं से जोड़कर उनकी आय में विविधता लाना और जीवन स्तर सुधारना है। श्री पैकरा ने कहा कि नशा से सिर्फ नाश होता है। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अपने-अपने वार्डों में अवैध शराब पर रोक लगाने के लिए संगठित हों, जरूरत पड़े तो थाना प्रभारी को आवेदन दें। जहां आवश्यकता होगी। जनपद सदस्य अभय प्रताप सिंह ने कहा कि दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। आम सभाएं न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम हैं, बल्कि नेतृत्व क्षमता और सामुदायिक सहभागिता को भी बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर फुलवती एक्का ने बताया कि इंदिरा गांधी महिला क्लस्टर सलका के अंतर्गत 19 ग्राम पंचायतों में 397 स्वयं सहायता समूह संचालित हैं। समूहों की महिलाएं बैंक लिंकेज, आरएफ और सीआईएफ ऋण के माध्यम से विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों में जुटी हैं। मुर्गी पालन, बकरी पालन, मशरूम उत्पादन, ब्यूटी पार्लर, बर्तन दुकान, सिलाई केंद्र, जूता-चप्पल दुकान एवं कृषि कार्य जैसे व्यवसायों से महिलाएं अपने परिवार की आय बढ़ा रही हैं और आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं। इस दौरान महिला समूह की रेशमा परवीन, फूलमती राजवाड़े, प्रभा गुप्ता, शोभा ठाकुर, सुशीला ठाकुर, काजल, वर्षा, चंद्रमणी राजवाड़े, उषा राजवाड़े, दुर्गा विश्वकर्मा, रुपमनी, कौशल्या, निशा, अनिशा, योगेश्वरी, सुंदरमति सहित अन्य मौजूद रहे।



### मोबाइल दुकान में सेंधमारी के मामले में अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** बस स्टैंड स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में श्रीराम मोबाइल में दो दिवस पूर्व हुए सेंधमारी कर नए पुराने लगभग 28-30 नग मोबाइल चोरी होने मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने दुकान संचालक अमित कुमार सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4),305(ए )का अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है,घटना शुक्रवार की मध्यरात्रि की बताई गई है जिसमें दुकान के पिछले हिस्से में अज्ञात आरोपी ने सेंध मारी की घटना को अंजाम देकर दुकान के भीतर रखे पौने 3 लाख कीमत के नए पुराने मोबाइल सेट को पार कर दिया।घटना की जानकारी शनिवार प्रातः लगी जब दुकान संचालक अमित कुमार सिंह दुकान खोलने पहुंचे तो पाया कि दुकान के पिछले हिस्से में सेंधमारी कर चोरों ने बड़ी संख्या में नए पुराने मोबाइल चोरी कर लिया है,बता दें कि दुकान का पिछला हिस्सा एसईसीएल कॉलोनी के क्वार्टर से लगा हूआ है,क्वार्टर का पिछला हिस्सा होने सुनसान होने के कारण उधर चहल पहल नहीं होने से रात्रि में चोरों को आसानी होती है,अभी कुछ दिनों पहले इसी दुकान के समीप ज्वेलरी शॉप में भी चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था।फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेजों की जांच कर घटना में शामिल चोरों के धरपकड़ में जुटी है।

## करंट की चपेट में आने युवक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ प्रेमनगर

युवक अपने बाड़ी में लगाए गए लहसुन की सुरक्षा के लिए घेरे के तरंगित तार की चपेट में आ गया। करंट की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।



जानकारी के अनुसार महेशपुर निवासी गणेश प्रसाद राजवाड़े जो कि अपने बाड़ी में लहसुन की खेती किया था और वहीं पर हैंडपंप भी है हैंड पंप की पानी से ही अपने लहसुन की सिंचाई करता था। घेरावा नहीं होने के कारण गणेश प्रसाद राजवाड़े ने तरंगित तार से अपने लहसुन की घेराव किया था जिसमें झटका मशीन न लगाकर सीधे विद्युत सप्लाई तार के फेस में जोड़ते हुए अर्थिंग जमीन पर दे दिया था जिसकी किसी को जानकारी नहीं था। गांव के ही निवासी नर्मदा प्रसाद राजवाड़े आ. खुटूर राजवाड़े (30 वर्ष) हर रोज की तरह हैंडपंप में बीती रात 12 बजे हाथ पैर धोने गया था। बाल्टी में पानी लेकर मुंह धो ही रहा था कि उसका शरीर तरंगित तार के संपर्क में आ गया जिससे करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगते ही परिजन युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। थाना प्रेमनगर के प्रभारी विराट बीसी एवं स्टाफ द्वारा जांच की जा रही है।

## पीएम श्री सेजेस के विद्यार्थियों ने किया कोरिया का शैक्षिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ प्रेमनगर

पीएम श्री सेजेस के विद्यार्थियों को कोरिया जिला में शैक्षिक भ्रमण हेतु ले जाया गया। इस शैक्षिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को ऐतिहासिक, प्राकृतिक एवं वैज्ञानिक स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान कर उनके ज्ञान एवं दृष्टिकोण का विस्तार करना था।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने झुमका बांध का अवलोकन कर जल संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को समझा। कृषि विज्ञान केंद्र में आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल प्रबंधन एवं जैविक खेती संबंधी जानकारी प्राप्त की। इंदिरा पार्क एवं शिव पार्क में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के महत्व को समझा। कोरिया पैलेस का भ्रमण कर क्षेत्र के ऐतिहासिक गौरव एवं सांस्कृतिक विरासत की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में सम्पन्न इस शैक्षिक भ्रमण से विद्यार्थियों में उत्साह, जिज्ञासा एवं नई सीख प्राप्त करने की प्रेरणा जागृत हुई। विद्यार्थियों ने इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक अनुभव बताया।

**सम्मेलन में शामिल हुए कृषि मंत्री, विकास कार्यों का किया शिलान्यास**

# विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : नेताम

**बलरामपुर।** जिले के विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत महादेवपुर में विशेष पिछड़ी जनजाति सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम शामिल हुए। सम्मेलन में लगभग 3 हजार की संख्या में पण्डो समाज के जन शामिल हुए जिसमें जिले के साथ आसपास के विभिन्न जिलों से भी पण्डो समाज के पदाधिकारीगण, आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। मंत्री श्री नेताम ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पण्डो समाज के लोगों के साथ केक काटकर खुशियां साझा की। समाज के सभी वर्ग बच्चों , युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मंत्री श्री नेताम ने ग्राम पंचायत महादेवपुर में कुल 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले दो प्रमुख कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें 25 लाख रुपये की लागत से पुलिया निर्माण तथा 25 लाख रुपये की लागत से पण्डो समाज के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण शामिल है। वहीं उन्होंने सामुदायिक भवन में समतलीकरण के लिए 5 लाख की घोषणा भी की। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। पण्डो समाज जैसी विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारा प्राथमिक लक्ष्य है।



समाज के युवाओं को कौशल विकास, स्वरोजगार और कृषि आधारित गतिविधियों से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने वर्ष 2026-27 के बजट में क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधानों की जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि विशुनपुरा से बैकुंठपुर तक सड़क निर्माण का प्रस्ताव बजट में शामिल किया गया है। डिंडो, रामचंद्रपुर और रामानुजगंज में पण्डो छात्रावास भी बजट में शामिल है। रामचंद्रपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी बजट में शामिल है। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा नेताम सहित अन्य शामिल हुए।

## वाहन की टक्कर से गंभीर युवक की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम परमेश्वरपुर निवासी छोटू बेक आ. जयराम बेक (30 वर्ष) गत दिन बाइक से काम करने बैकुंठपुर जा रहा था।

इसी बीच रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।



# जय हिंद जय सिंध में महेश आएंगे नजर, रंगमंच पर भी करेंगे वापसी

**मुंबई।** महेश मांजरेकर ने हिंदी फिल्मों में बतौर निर्देशक और अभिनेता अलग छाप छोड़ी है। जल्द ही उनका एक नया हिंदी नाटक 'एनिमल' दर्शकों को देखने को मिलेगा। वह काफी वक्त के बाद रंगमंच पर वापसी कर रहे हैं। इसके अलावा वह एक फिल्म 'जय हिंद जय सिंध' का भी हिस्सा हैं। बड़े पर्दे पर अभिनय और निर्देशन करने के अलावा महेश मांजरेकर की रंगमंच की दुनिया में भी सक्रिय रहे हैं। एक बार फिर से वह थिएटर निर्माता अश्विन गिडवानी के साथ काम कर रहे हैं। इस बार एक हिंदी नाटक 'एनिमल' के साथ महेश रंगमंच पर वापसी कर रहे हैं। कई साल बाद दोनों साथ काम कर रहे हैं, इससे पहले दोनों नए नाटक 'डबल डील' किया था।


लाइफ Style

# आलिया

## ताना मारने वालों को दिया करारा जवाब

आलिया भट्ट ने हाल ही बाफ्टा में एक इंटरव्यू दिया था, जिसमें उनके एक्सप्रेशंस का खूब मजाक उड़ाया गया और आलोचना भी हुई। इस पर आलिया ने अब रिएक्ट किया है और एक्सप्रेशंस का मजाक उड़ाने वालों को जवाब दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई



आलिया भट्ट हाल ही लंदन में आयोजित 79वें ब्रिटिश अकेडमी फिल्म अवाड्र्स में बतौर प्रेजेंटर शामिल हुई थीं। वहां आलिया ने हिंदी में स्पीच देकर सबका दिल जीत लिया था, लेकिन रेड कार्पेट पर एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने जो एक्सप्रेशंस दिए, उनके कारण एक्ट्रेस की भद भी पिटी। आलिया का खूब मजाक उड़ा। हाल ही आलिया जब मिलन फैशन वीक के एक इवेंट में शामिल हुईं और यहां बाफ्टा में हुई उस गड़बड़ के बारे में रिएक्ट किया, जिस पर लोगों ने उनका मजाक उड़ाया और ताने मारे। इस बारे में पूछे जाने आलिया भट्ट ने 'गुच्ची शो' के दौरान डाइट साब्या को जवाब दिया और समझाया कि पूरी सिचुएशन क्या थी। वह बोलीं, 'इस बारे में इतनी चर्चा क्यों हो रही है? क्या यह मेरे हावभाव की वजह से है? तो असल हुआ ये था कि मेरे हिसाब से यह ('गॉन गर्ल') सबसे बेहतरीन ट्विस्ट है, लेकिन मैंने इस फिल्म को नहीं देखा है। ये कब रिलीज हुई थी? 10 साल पहले? तो मैंने इसे उसके बाद नहीं देखा। तो जब वह उस मोनोलॉग की बात कर रही थीं, तो मैंने कहा कि हां, और मैं अपने दिमाग में दोहरा रही थी कि अरे हां, वो मोनोलॉग, बिल्कुल सही बिल्कुल सही।'

हॉलीवुड मसाला



# दोस्त के साथ मिलकर बनाए गाने

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर सिंगर और गीतकार नील सेडाका का निधन हो गया है। वह 86 साल के थे। उनके शानदार गानों ने उन्हें रॉक एन रोल के शुरुआती वर्षों में उन्हें टॉप पर पहुंचा दिया। अपने गानों की वजह से वह 1970 के दशक में काफी मशहूर हुए। ब्रिल बिल्डिंग सॉन्गराइटिंग फैक्ट्री के सदस्य, सेडाका ने लिरिसिस्ट हॉवर्ड ग्रीनफील्ड के साथ मिलकर ऐसे गाने बनाए जो 1950 के दशक के आखिर से 1960 के दशक की शुरुआत तक काफी मशहूर हुए।




# ईरान के लोगों के लिए बयां किया था दर्द...

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट इस वक्त जंग बिगुल बजा हुआ है, अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला बोला है। इस जंग में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की भी मौत हो चुकी है। इसी बीच हाल ही में ईरान की रहने वाली एक्ट्रेस एलनाज नौरोजी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने ईरान के लोगों पर किए गए जुल्मों पर अपना दर्द बयां किया था। एलनाज नोरौजी ने भारत का जिक्र करते हुए कहा था कि ईरान उतना ही डाइवर्स था, जितना भारत है। मगर एक रात सब बदल गया। एलनाज ने वीडियो में कहा था, आज कल्पना करें भारत। इतना डाइवर्स, इतना जिंदादिल, अलग-अलग धर्म, अलग-अलग भाषाएँ, अलग-अलग तरह के जीवन, सब एक साथ रहते हैं- हिंदू, ईसाई, मुस्लिम, सिख, जैन, पारसी।



# वेब सीरीज हेल्लो बच्चों का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** विनीत कुमार सिंह स्टारर आगामी वेब सीरीज 'हेल्लो बच्चों' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह शो शिक्षक अलख पांडे और उनकी टीचिंग से प्रभावित छात्रों से प्रेरित है। यह शो अलग-अलग पृष्ठभूमियों के उन छात्रों की कहानी बताता है, जो अपने सपनों को एक ऐसे शिक्षक के समर्थन से पूरा करते हैं जो उन पर विश्वास करता है। 2 मिनट 21 सेकंड के इस ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे एक छोटे से क्लास रूम से शुरू हुआ यह सफर धीरे-धीरे शहरों और छोटे कस्बों के छात्रों तक पहुंचा। सीरीज में पांच छात्रों की कहानी दिखाई गई है। जो व्यक्तिगत और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। एक छात्र आर्थिक तंगी से जूझ रहा है, दूसरा ऐसे दबाव का सामना कर रहा है जिससे उसकी पढ़ाई रुक सकती है, जबकि तीसरा अपने परिवार का सहारा बनने के लिए क्रिकेट में अपने इंटरेस्ट को छोड़ देता है।



# शुभांगी को मिला उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार

**मुंबई।** अनुपम खेर द्वारा निर्देशित और निर्मित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त को इस फिल्म में बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए 'उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। इसी खुशी में इस फिल्म के निर्माता और निर्देशक अनुपम खेर ने शुभांगी के लिए एक खास पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर अपना प्यार जताया है और साथ ही अभिनेत्री की प्रशंसा की है। अनुपम खेर ने अपनी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त के साथ कुछ खास तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अनुपम ने शुभांगी को अपनी निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के लिए अवॉर्ड मिलने पर खुशी जताते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। अनुपम ने इन तस्वीरो के साथ लिखा, 'प्यारी शुभांगी, बहुत बढ़िया काम के लिए पुरस्कार।'

टीवी मसाला



# अदिति की टीवी में एंट्री 'ये है मोहब्बतें' से स्टारडम

**नई दिल्ली।** साल 2004 में अदिति भाटिया ने टीवी की दुनिया में कदम रखे। उनका पहला टीवी शो 'होम स्वीट होम' था। इसके बाद वह 'घर की लक्ष्मी बेटियां', 'तुझ संग प्रीत लगाई सजना' और 'टशन-ए-इश्क' में दिखीं, लेकिन छोटे पर्दे पर पॉपुलैरिटी 'ये है मोहब्बतें' से मिलीं। बहुत से फैंस अदिति भाटिया को आज भी रूही भल्ला के किरदार से याद करते हैं। अदिति भाटिया ने कुछ रियलिटी शोज भी किए, जिनमें 'खतरा खतरा खतरा', 'कॉमेडी सर्कस' और 'कॉमेडी नाइट्स बजाओ ताजा' जैसे नाम शामिल हैं। अदिति भाटिया ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें पहला विज्ञापन 5 महीने की उम्र में मिला था। तब वह पैरेंट्स के साथ एक मॉल में थीं। वहां एक डायरेक्टर ने बेबी अदिति को देखा और पैरेंट्स को उनका पोर्टफोलियो बनवाने की सलाह दी। अदिति ने बताया था कि उनका पूरा बचपन सेट पर बीता। स्कूल खत्म होने के बाद वह सेट पर पहुंच जातीं और वहीं खेलती थीं। अदिति भाटिया ने बताया था कि उनकी मॉम चाहती थीं कि वह इंजीनियर बनें, पर बचपन से ही उन्हें हीरोइन बनने का शौक था। लेकिन परिवार खिलाफ था, तो उन्हें एक्टिंग में आने के लिए थोड़ा विद्रोह करना पड़ा। अदिति भाटिया को फिर 'ये है मोहब्बतें' सीरियल मिला और वह छा गईं। 'द केरल स्टोरी 2' के कलेक्शन की बात करें, तो शुकवार, 27 फरवरी को देर रात रिलीज होने के बाद इसने अभी तक दो दिनों में 5.4 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है, जबकि इसे सीमित शोज पर ही रिलीज किया गया है। ओपनिंग डे की तुलना में 'द केरल स्टोरी 2' ने दूसरे दिन 520% ज्यादा कमाई की।

## ममता लाफ्टर शेफ्स 3 के सेट पर

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' दर्शकों का पसंदीदा शो है। इसके पिछले दो सीजन को इतना प्यार मिला कि मेकर्स पुराने कंटेस्टेंट्स के साथ



इसे सीजन दर सीजन आगे बढ़ा रहे हैं। बीते एपिसोड में जहां दिग्गज शेफ संजीव कपूर आए थे। वहीं 28 फरवरी और 1 मार्च के एपिसोड में सभी होली के रंग में रंगे दिखाई देंगे। हालांकि, नए एपिसोड की शूटिंग भी हुई, जहां पर हर कोई रेट्रो लुक में दिखाई दिया। कोई 'वास्तव' वाला संजय दत्त बना तो कोई 'करण-अर्जुन।' वहीं, माथे पर त्रिपुंड तिलक लगाए और लाला साड़ी के साथ सोने के गहने पहने ममता कुलकर्णी भी पहुंची। उन्होंने बातचीत में कहा, 'मैं बहुत एक्साइटेड हूं। मैं 25 साल बाद टीवी पर आ रही हूं। यहां तक की अगर आपने नोटिस किया हो तो मैं अपनी लाइफ के 25 सालों में कभी भी टीवी पर नहीं आई। एक अच्छा मौका है। हंसने का मौका मिलता है। हम लोग बहुत गंभीर हो गए हैं। जिंदगी बहुत गंभीर हो गई है।

# विजय-रश्मिका का प्यार होगा गहरा सामंथा-राज पर चढ़ेगा इश्क का खुमार

*नई दिल्ली। होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है, प्यार का रंग भी इस उत्सव के साथ गहरा हो जाता है। खासकर शादी के बाद जब कपल्स पहली होली मनाते हैं तो उनके लिए यह दिन यादगार बन जाता है। इस साल कई सेलिब्रिटी कपल्स भी शादी के बाद पहली होली मनाएंगे। कुछ इसी गाने की तर्ज पर हाथों में अबीर और गुलाल लिए अपनी सजनी को साजन रंग लाएंगे। सजनी भी 'मुझे रंग दो' की धुन पर थिरकती दिख जाएंगी। कुछ ऐसा ही नजारा बॉलीवुड से लेकर साउथ सेलिब्रिटीज के घर-आंगन में होली के दिन देखने को मिल सकता है। इस साल रश्मिका और विजय देवरकोंडा से लेकर नूपुर सेनन और स्टेबिन बेन तक शादी के बाद अपनी पहली होली साथ मनाएंगे। इस लिस्ट में कई और जोड़े भी शामिल हैं, जानिए किन-किन सेलिब्रिटीज कपल्स पर चढ़ेगा होली का रंग।*





***श्रीवल्ली बन रश्मिका लगाएंगी विजय पर रंग*** : 26 फरवरी को विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना शादी के बंधन में बंध गए। इस कपल्स की शादी की तस्वीरों पर फैंस ने खूब प्यार लुटाया। शादी-शुदा जोड़े के तौर पर पर रश्मिका और विजय अपनी पहली होली भी मनाएंगे। दोनों की होली की तस्वीरों का फैंस को बेसब्री से इंतजार है।

***सामंथा के बलम 'राज' चलाएंगे पिचकारी*** : साउथ फिल्मों की चर्चित एक्ट्रेस सामंथा रूथ और डायरेक्टर राज निदिमोरु ने भी पिछले साल दिसंबर में शादी की। यह बतौर कपल उनकी पहली होली होगी। रश्मिका की जिंदगी में राज ढेर सारी खुशियां लेकर आए हैं तो होली भी उनके लिए खास होगी। सामंथा पर भी राज के प्यार का रंग इस होली खूब चढ़ने वाला है।

**स्टेबिन बेन की 'साहिबा' बनकर नूपुर झूमेंगी** : जनवरी महीने में कृति सेनन की बहन और एक्ट्रेस नूपुर सेनन ने सिंगर स्टेबिन बेन संग साथ फेर लिए हैं। इस कपल की शादी भी खूब चर्चा में रही। 'साहिबा' जैसे हिट सॉन्ग गाने वाले सिंगर स्टेबिन बेन नूपुर सेनन के साथ शादी के बाद पहली होली खलेंगे। कृति सेनन भी इनके होली जश्न में शामिल हो सकती हैं।

# मुगल-ए-आजम को हिट करने में पांच राज्यों की लगी मेहनत...

**नई दिल्ली।** के. आसिफ की डायरेक्टेड और प्रोड्यूस्ड फिल्म 'मुगल-ए-आजम' के बनने की प्रक्रिया रिलीज से 16 साल पहले यानी 1944 में ही शुरू हुई थी। लेकिन सिनेमाघरों में इसे 1960 में उतारा गया था। करीब 1.5 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिजनेस किया था और सुपरहिट रही थी। पहले ये ब्लैक एंड व्हाइट रिलीज हुई थी लेकिन दोबारा रिलीड करने के लिए इसे कलर किया गया था और ऐसा करने वाली ये वर्ल्ड सिनेमा के इतिहास की पहली फीचर फिल्म बन गई थी। एडवांस **बुकिंग** के **लिए** लोग **शनिवार** से **ही** लाइन **में** लग **गए** थे, **जबकि** फिल्म **सोमवार** को **देखनी** थी। **लोग** लड़क **पर** सोते थे। और परिवार के दूसरे लोग उनके लिए खाना लेकर आते थे।

## 'मुगल-ए-आजम' में 5 राज्यों के कारीगरों की मेहनत



फिल्म में किरदारों के जो कपड़े थे, वो मामूली नहीं थे। बल्कि उसे सिलने के लिए दिल्ली से दर्जी आए थे। और सूरत से उन पर कढ़ाई करने वाले स्पेशलिस्ट बुलाए गए थे। इतना ही नहीं, जो सभी ने आभूषण पहने थे, वो भी हैदराबाद के सुनार ने और मुकुट कोल्हापुर के कारीगरों ने तैयार किए थे। साथ ही जो भी हथियार आपने फिल्म में देखे हैं, वो सब राजस्थान के लोहारों ने बनाए थे और आगरा से सभी के जूते मंगवाए गए थे।

## 10 लाख में शूट हुआ 'प्यार किया तो डरना क्या'

इस फिल्म के गाने भी मशहूर हुए थे। 'प्यार किया तो डरना क्या' बहुत पसंद किया गया था। यहां तक कि आज भी ये बजता है तो लोगों के पांव थिरकने लगते हैं। मगर क्या आप जानते हैं कि इसकी शूटिंग में ही 10 लाख रुपये का खर्च आया था और इसे गीतकार शकील बदायुनी ने एक-दो बार नहीं, बल्कि पूरे 105 बार लिखा था। क्योंकि उसमें बार-बार बदलाव किए जा रहे थे। फिर अंत में म्यूजिक डायरेक्टर नौशाद ने हरी झंडी दिखाई थी। और मोहन स्टूडियो में लाहौर किले के शीश महल की रेप्लिका के रूप में बने एक सेट पर फिल्माया गया था। जिसे फिरोजाबाद के कारीगरों ने तैयार किया था और इसे बनने में दो साल लगे थे और इसकी लागत 15 लाख रुपये आई थी। वहीं, गाने की रिकॉर्डिंग लता मंगेशकर ने स्टूडियो के बाथरूम में की थी।

## कुछ गाने 'बुरा ना मानो होली है' की शरारती भावना को करते हैं उजागर

# होली के उत्सव को रंगीन बनाते हैं बॉलीवुड के ये गाने

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के होली गीतों की खासियत यह है कि उनमें से कई हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत पर आधारित हैं, जिनमें पारंपरिक लोक धुनें पिरोई गई हैं और जिनके बोल त्योहार के चंचल, शरारती और आनंदमय सार को दर्शाते हैं। कुछ गीत रोमांस का जश्न मनाते हैं, तो कुछ 'बुरा ना मानो होली है' की शरारती भावना को उजागर करते हैं।*

### रंग बरसे-सिलसिला (1981)

अगर होली का कोई ऐसा गीत है जो समय की कसौटी पर खरा उतरा है, तो वह है 'रंग बरसे'। यह गीत परंपरा से ओतप्रोत है, जिसकी जड़ें ब्रज लोक धुन में हैं जो होली की चंचल भावना को बखूबी दर्शाती है। अमिताभ बच्चन की गहरी, मदहोश कर देने वाली आवाज और उनके पिता, कवि हरिवंश राय बच्चन द्वारा लिखे गए चंचल बोल मिलकर एक ऐसा गीत बनाते हैं जो चंचल और उत्सवपूर्ण दोनों है। भारतीय रागों में प्रशिक्षित शास्त्रीय संगीतकार शिव-हरि द्वारा रचित यह गीत एक कालातीत आकर्षण प्रदान करता है। यह होली का सर्वोत्कृष्ट गीत है- चाहे आप रंगों में सराबोर हों या ठंडाई पी रहे हों, यह गीत किसी भी होली पार्टी में कम से कम एक बार जरूर बजेगा!

### बलम पिचकारी-ये जवानी है दीवानी (2013)

'बलम पिचकारी' एक ऐसा गीत है जिसने बॉलीवुड के होली संगीत को आधुनिक रूप दिया है। यह गीत लोक संगीत से प्रेरित धुनों के साथ युवा ऊर्जा का बेहतरीन मिश्रण प्रस्तुत करता है। पारंपरिक होली गीतों के विपरीत, इसमें इलेक्ट्रॉनिक डांस बीट के साथ देसी धुनों का भी समावेश है, जिससे यह युवाओं के बीच तुरंत लोकप्रिय हो गया। फिल्म में इस गाने का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है- यह एक ऐसा मोड़ है जहाँ दोस्ती प्यार में बदल जाती है। इसका मनमोहक मुखड़ा और चुलबुले बोल इसे कॉलेज की होली पार्टियों में बेहद लोकप्रिय बनाते हैं, जिससे इसे आधुनिकता का स्पर्श मिलता है और साथ ही त्योहार का पारंपरिक आकर्षण भी बरकरार रहता है।




### होली के दिन-शोले (1975)

आर.डी. बर्मन भारतीय लोक संगीत को सिनेमाई भव्यता के साथ जोड़ने में माहिर थे, और होली के दिन इसका एक बेहतरीन उदाहरण है। यह गीत ढोल की थाप से शुरू होता है और देखते ही देखते एक ऊर्जावान लोक नृत्य में बदल जाता है। इस गीत की खासियत यह है कि इसमें एकजुटता पर जोर दिया गया है—यह रोमांस या व्यक्तिगत उत्सवों के बारे में नहीं है, बल्कि होली की सामुदायिक भावना के बारे में है। शोले के दृश्य इसे और भी सशक्त बनाते हैं, जिसमें ग्रामीण एक साथ आकर होली को एकता के त्योहार के रूप में मनाते हैं।

### मेरी मदद करो, चलो होली खेलते हैं- वक्त (2005)

अपने बेबाक और चंचल बोलों के लिए मशहूर यह गाना पारंपरिक होली गीतों से हटकर है। इसकी धुन आकर्षक, तेज रफ़्तार वाली और जोशीले नृत्य के लिए एकदम उपयुक्त है। सुनिधि चौहान की आवाज़ इसमें एक मजेदार और चुलबुलापन जोड़ती है, जिससे यह गाना अक्सर युवाओं के होली समारोहों में बजाया जाता है। हालांकि यह परंपरा में उतना गहराई से निहित नहीं है, लेकिन इसकी आकर्षक रचना और क्लब-शैली की धुनें इसे एक ऐसा गीत बनाती हैं जो कानों में गूंजता रहता है।

### जय जय शिवशंकर-युद्ध (2019)

हाल के बॉलीवुड इतिहास के सबसे ऊर्जावान होली गीतों में से एक, 'जय जय शिवशंकर' डांस बीट्स और हिंदुस्तानी संगीत तत्वों का एक ज़बरदस्त मिश्रण है। इस गाने में बॉलीवुड के दो बेहतरीन डांसर, ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ, तालमेलपूर्ण नृत्य और चमकीले रंगों के शानदार संयोजन में नजर आते हैं। दिलचस्प बात यह है कि इसका संबंध भगवान शिव से है, क्योंकि "शिवशंकर" उस देवता को संदर्भित करता है जो विनाश और नशा (होली के दौरान भांग पीना) दोनों से जुड़े हैं। गाने की धुनें यह सुनिश्चित करती हैं कि यह किसी भी होली पार्टी में डांस फ्लोर पर धूम मचा दे।

## खबर संक्षेप

### मणि प्रभा को मिला एशियन डायमंड अवार्ड



**कोसीर।** जिला मुख्यालय सहसपुर के माध्यमिक शाला की मणिप्रभा त्रिपाठी को भुवनेश्वर में सम्मान किया गया। शुक्रवार को भुवनेश्वर मिला समता साहित्य अकादमी द्वारा राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन के अवसर पर समाज सेवा और शिक्षा जगत के उत्कृष्ट कार्य हेतु एशियाई डायमंड आईकॉनिक इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। वहीं 27 दिसंबर को भुवनेश्वर मिला था मैं जा नहीं पाई तो आज स्पीड पोस्ट से प्राप्त हुआ है समता साहित्य अकादमी द्वारा राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन के अवसर पर समाज सेवा और शिक्षा जगत के उत्कृष्ट कार्य हेतु एशियाई डायमंड आईकॉनिक इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

### नव पदस्थ टीआई ने ली शांति समिति की बैठक

**पुसौर।** पुसौर थाने के टीआई का स्थानांतरण बाद उनके स्थान पर आए मोहन भारद्वाज पदभार ग्रहण कर होली में शांति बनाए रखने के लिए क्षेत्र के गणमान्य लोगों व जनप्रतिनिधियों सहित अन्य लोगों के साथ बैठक किया। इस बैठक में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, उपाध्यक्ष उमेश साव, मंडल अध्यक्ष जैमिनी गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष किसोर कसेर और रितेश थवाइत, पार्षद फगुलाल प्रधान, रूपेश साव, निराकार पटेल, मंडल मंत्री डिग्री पाईक सहित क्षेत्र के सरपंच आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में होली के बीच गश्त बढाने के साथ बाजार में स्थाई रूप से गश्त तैनात रखने की मांग रखी गई। वहीं होली को लेकर टीआई भारद्वाज ने उपस्थित लोगों को अवगत कराया कि अपने-अपने क्षेत्र में इस बात को साझा करें कि बिना स्वीकृति लिए किसी को रंग न लगाएं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 2 माह में 361 ...

का पर्दाफाश किया जा सके। पुलिस की पैनी नजर- जशपुर की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यहां से होकर गुजरने वाले मार्ग तस्करों के लिए अहम माने जाते रहे हैं। पुलिस का कहना है कि अंतरराज्यीय गिरोहों के नेक्सस को चिन्हित कर उनकी गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### मेरी जिम्मेदारी मेरे ...

ने स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए हुए कहा कि ₹आज आप सबका यह प्रेम और उत्साह देखकर मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। यह स्वागत मेरा नहीं, बल्कि जशपुर की उस युवा शक्ति का है जो अंत्योदय के संकल्प को सिद्ध करने के लिए दिन-रात मैदान में डटी रहती है। उन्होंने कहा कि संगठन ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, वह मेरे लिए पद नहीं बल्कि सेवा का एक माध्यम है। विजय आदित्य सिंह जूदेव ने कहा कि आज प्रदेश और देश में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। हम सबको मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जनहितकारी योजनाओं और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के सुशासन के संदेश को जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

### 2 दिन में 100 लीटर...

तमता, गोड़ी कला, गाला, बहना टांगर, चिडरा पारा, करंगाबहला और बैगा पारा पाकरटोली में छापेमारी कर 54 लीटर कच्ची महुआ और अंग्रेजी शराब जब्त की गई। संतोष कुमार बंजारा के पास से 35 लीटर कच्ची शराब मिलने पर धारा 34(2) के तहत सख्त कार्रवाई की गई। बरपानी गांव में 4 लीटर बीयर जब्त कर आरोपी पर धारा 34(1) के तहत केस दर्ज।

### विकसित भारत का ...

नए अवसर मिलेगा। जशपुर में मेडिकल कालेज शुरू करने के लिए सेटअप की स्वीकृति दिये जाने से,आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले की स्वास्थ्य सेवा की समस्या बीते दिनों की बात हो जाएगी। पत्रकारवार्ता में संतोष सिंह, फैजान सरवर खान, शरद चैरसिया, मुकेश सोनी, शारदा प्रधान, वेदप्रकाश भगत उपस्थित थे। भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा - पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए विधायक गोमती साय ने कहा कि कटनी गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग जो पत्थलगांव से कुनकुरी के बीच अधूरा पड़ा हुआ है,वह जल्द ही पूरा हो जाएगा। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने रिवाइज्ड टेंडर जारी कर दिया है। 10 मार्च को यह टेंडर खुलेगा और इसके बाद कार्यआदेश जारी किया जाएगा। उन्होनें हाल ही में उठे स्वामी आत्मानंद स्कूल भर्ती और एलईडी टीवी खरीदी में कथित गड़बड़ी के मामले को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मामला कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह की शिकायत आने पर जांच व कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## जिले के 72 हजार 693 किसानों के खातों में 349.59 करोड़ जमा, छाई खुशियां

# उधर सीएम ने दबाया बटन, इधर मोबाइल में आने लगे खुशियों के मैसेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शनिवार का दिन किसानों के लिए हर्ष और उल्लास का दिन था। जैसे ही सीएम विष्णुदेव साय बटन दबाया, इधर किसानों के मोबाइल में खुशियों का मैसेज आना चालू हो गया है। जिले के 72 हजार 693 किसानों के खाते में कृषक उन्नति योजना के तहत 349 करोड़ 59 लाख जमा की गई है। जैसे ही मोबाइल पर राशि जमा होने के संदेश पहुंचे, वैसे ही जिले के किसानों में उत्साह का माहौल देखा गया।

इस दौरान जिले के किसानों को पुष्पहार से स्वागत किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया। इस साल जिले में 72 हजार 693 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बिक्री किया है। इन किसानों ने 4 लाख 78 हजार 240.60 एमटी धान बिक्री किया है। इसकी राशि तो पहले ही मिल गई थी, लेकिन बोनस की राशि बाकी था। शनिवार को इस राशि को किसानों के खाते में जमा करने बिलासपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। यहां सीएम श्री साय ने एक क्लीक कर किसानों के खाते में राशि अंतरण किया। इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से किसानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज का दिन किसानों के सम्मान और स्वाभिमान का दिन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान की कीमत का वादा धरातल पर उतर चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा हमने वादा किया था कि किसान भाई होली का त्योहार धूमधाम से मना सकें, इसलिए त्योहार से पहले यह राशि जारी की गई है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष न तो बारदाने की कमी हुई और न ही भुगतान में देरी।




किसान को प्रमाण पत्र सौंपते राज्यसभा सांसद और कार्यक्रम में उपस्थित किसान।

### आगामी खरीफ की तैयारी में मिलेगी मदद

महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि होली से पहले किसानों को मिली यह राशि उनकी खुशियों को दोगुना करेगी और आगामी खरीफ फसल की तैयारी में सहायक सिद्ध होगी। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो ने कहा कि किसानों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है और अब उन्हें साहूकारों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा। पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुजाता चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने सभी वादे निभा रही है और किसान हित सर्वोपरि है।

### ब्लॉकों में कार्यक्रम का आयोजन

जिले के 72,693 किसानों को कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि प्रदान की गई है, जिससे उनकी होली की खुशियां बढ़ेंगी। जिले सभी विकासखंड मुख्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों में उत्साह का माहौल रहा। उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने बताया कि धरमजयगढ़ ब्लॉक में 13,802 किसानों के खातों में 73.53 करोड़ रुपए, पुसौर में 16,115 किसानों के खातों में 73.34 करोड़ रुपए, खरसिया में 13191 किसानों के खातों में 59.32 करोड़, रायगढ़ के 10378 किसानों के खातों में 49.12 करोड़, तमनार 6190 किसानों के खातों में 25.28 करोड़ रुपए, घरघोड़ा 4613 किसानों के खातों में 23.81 करोड़ रुपए और लैलूंगा के 8404 किसानों के खातों में 45.19 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। कृषक उन्नति योजना के तहत मोटा धान पर 731 रुपए और पतला धान पर 711 रुपए प्रति क्विंटल की दर से यह सहायता प्रदान की गई है।

## नगर पालिका को मिली साढ़े 35 लाख की सौगात

**जशपुरनगर।** शहर के वार्ड क्रमांक 18 के लोगों को बड़ी राहत मिली है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास प्राधिकरण ने यहां सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधाम निर्माण के लिए 35 लाख 50 हजार रुपए की स्वीकृति दे दी है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप शहरों में आधुनिक और व्यवस्थित मुक्तिधाम विकसित किए जाने की प्रक्रिया के तहत यह मंजूरी दी गई है।

वार्ड 16, 17 और 18 के नागरिकों को अंतिम संस्कार के दौरान मूलभूत सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ता था। बारिश और धूप में परिजनों को खुले में खड़ा रहना पड़ता था। वार्ड निरीक्षण के दौरान पार्षद देवधन नायक, मुकेश इंदवार और विजेता भगत ने नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत और मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय के समक्ष मुक्तिधाम निर्माण की मांग रखी थी। अध्यक्ष अरविंद भगत और सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव से विशेष अनुरोध किया। मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने जशपुर नगर के लिए सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधाम निर्माण के निर्देश दिए, जिसके बाद 35.50 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई। क्या-क्या होगी सुविधाएं-स्वीकृत राशि से मुक्तिधाम परिसर में निम्न सुविधाएं विकसित की जाएंगी। विशाल प्रतीक्षालय (वेटिंग हॉल)। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग शौचालय। स्वच्छ पेयजल की स्थायी व्यवस्था। अंतिम संस्कार के लिए पक्का शेड। समतलीकरण और परिसर का सौंदर्यीकरण। इन व्यवस्थाओं से अंतिम संस्कार के दौरान परिजनों को गरिमामय और सुरक्षित वातावरण मिल सकेगा।




### अध्यक्ष ने जताया आभार

नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नगर के विकास के लिए शासन से लगातार समन्वय किया जा रहा है।

### वार्ड 19 के लिए भी प्रस्ताव

नगरपालिका प्रशासन ने वार्ड 19 में भी मुक्तिधाम निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं वार्ड 8 के मुक्तिधाम में अतिरिक्त शेड और प्रतीक्षालय का निर्माण हाल ही में कराया गया है, जिससे अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में शामिल लोगों को राहत मिल रही है। शहर में चरणबद्ध तरीके से मुक्तिधामों के उन्नयन की यह पहल न केवल बुनियादी सुविधा बढ़ाएगी, बल्कि अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील अवसर पर परिजनों को सम्मानजनक व्यवस्था भी सुनिश्चित करेगी।

## नव संकल्प शिक्षण संस्थान बना बदलाव की मिसाल

**जशपुरनगर।** संसाधनों के समुचित और पारदर्शी उपयोग से समाज में व्यापक परिवर्तन की मजबूत नींव रखी जा सकती है। इसका उत्कृष्ट उदाहरण जशपुर का नव संकल्प शिक्षण संस्थान है, जिसकी उपलब्धियों को हाल ही में आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा जारी आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2025-26 में प्रमुखता से स्थान दिया गया है।

आर्थिक सर्वेक्षण के पृष्ठ क्रमांक 189 में उल्लेख किया गया है कि खनिज विभाग अंतर्गत संचालित जिला खनिज न्यास निधि के माध्यम से जिला प्रशासन जशपुर द्वारा संचालित नव संकल्प शिक्षण संस्थान, दुर्गम एवं जनजातीय क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को निःशुल्क भोजन एवं छात्रावास की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इस पहल का सकारात्मक परिणाम यह रहा कि जिले की 50 छात्राओं का चयन नगर सैनिक के पद हेतु हुआ। रक्षाबंधन के दिन जारी हुए इस परिणाम को स्वयं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करते हुए छात्राओं को बधाई दी थी।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म में इस संस्थान की सफलता का कर चुके है सराहना

उल्लेखनीय है कि इस संस्थान की आधारशिला भी वर्तमान मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान रखी थी। वर्तमान में यह संस्थान कलेक्टर श्री रोहित व्यास एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। जनजातीय बहुल जशपुर जिले में यह संस्थान शिक्षा और मार्गदर्शन के माध्यम से एक सकारात्मक क्रांति का सूत्रपात कर रहा है। संस्थान के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में 65 छात्र चयनित होकर सेवाएं दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षक भर्ती, आर्मी, सहायक प्राध्यापक एवं विभिन्न प्रशासनिक पदों पर भी संस्थान के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और समर्पण से सफलता अर्जित की है। नव संकल्प शिक्षण संस्थान आज जशपुर जैसे दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्र में प्रतिभाओं को अवसर प्रदान कर उन्हें बेहतर भविष्य की दिशा में अग्रसर कर रहा है। यह संस्थान न केवल शिक्षा, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का भी सशक्त केंद्र बनकर उभर रहा है।

## पूर्व विधायक विजय के हाथों मिला चेक

**पुसौर।** किसानों को धान खरीदी के अंतर राशि कृषक उन्नति योजना के तहत प्रदेश के सभी किसानों के खाते में जमा की गई। इसी कड़ी में पुसौर के मंगल भवन में पूर्व विधायक विजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में इसके लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष हेमलता चौहान, जिपं सदस्य ब्रजेश गुप्ता, भाग्यवती नायक, लक्ष्मी पटेल, नपं अध्यक्ष मानी सतपथी, उपाध्यक्ष क्षरमती चौहान, सभापति मुक्तेश्वर पंडा, सभापति हेमालिनी गुप्ता, मंडल अध्यक्ष संदीप पंडा, जैमिनी गुप्ता व प्रदीप पटेल की उपस्थिति रही। पुसौर क्षेत्र के 16 हजार 153 किसानों के खाते में 73 करोड 53 लाख रूपए वितरित हुए। नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा, कृषि विभाग प्रमुख आरके पटेल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बंजारा समाज के अधिवेशन में सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार

### महिलाओं को मिली मुख्यधारा में जगह

**कोतबा।** रायगढ़-जशपुर बंजारा समाज के किलकिला परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन शनिवार, 28 फरवरी को उत्साह और संकल्प के साथ संपन्न हुआ। इस महाधिवेशन में समाज के उत्थान के लिए न केवल कई कठोर निर्णय लिए गए, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक मिसाल पेश करते हुए पहली बार किसी महिला को महत्वपूर्ण सांगठनिक जिम्मेदारी सौंपी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत समाज के आराध्य गुरु नानक देव जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात समाज द्वारा निर्मित श्रीराम जानकी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। अधिवेशन में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठजनों की उपस्थिति ने सामाजिक एकजुटता का परिचय दिया। महासभा के दौरान वर्ष 1993 में बनी नियमावली और 2015-16 के संशोधनों पर गहन चिंतन किया गया। सामाजिक परिवेश को देखते हुए सर्वसम्मति से कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिसमें नशा मुक्ति की ओर सार्थक कदम उठाते हुये सामाजिक कार्यक्रमों में मांस और मदिरा परोसने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही दशगात्र (मृत्यु भोज) और छठी जैसे कार्यक्रमों में कपड़ों या कीमती वस्तुओं के लेनदेन पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया, ताकि आर्थिक बोझ कम हो सके। मर्यादा का पालन हेतु अंतर्जातीय विवाह करने वालों पर पूर्ण रूप से सामाजिक प्रतिबंध का प्रावधान किया गया है।




### सावित्री बनीं नई कोषाध्यक्ष

अधिवेशन का सबसे ऐतिहासिक क्षण वह रहा जब किलकिला परिक्षेत्र के अध्यक्ष नंदकुमार बंजारा ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए श्रीमती सावित्री बंजारा (तिलडेगा) को समाज का नया कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। यह पहला अवसर है जब बंजारा समाज में किसी महिला को इतने महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी दी गई है। समाज का यह निर्णय पारदर्शिता, ईमानदारी और हर वर्ग को साथ लेकर चलने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और स्वजातीय बंधुओं ने किलकिला स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में ही एक भव्य सामाजिक भवन बनाने का संकल्प लिया। समाज के लोगों के जनसहयोग से निर्मित होने वाले इस भवन की तैयारी शीघ्र शुरू करने की बात कही गई। इस गरिमामय आयोजन में परिक्षेत्र के सैकड़ों सामाजिक बंधु और वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने समाज हित में एकजुट होकर कार्य करने की शपथ ली। नंदकुमार बंजारा, अध्यक्ष (किलकिला परिक्षेत्र) ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज को पारदर्शी, नशा मुक्त और प्रगतिशील बनाना है।

## राजस्थान के युवाओं का जिले के दर्शनीय स्थलों का कराया भ्रमण



**रायगढ़।** मेरा युवा भारत माय भारत जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान एवं जिला युवा अधिकारी वसुंधरा साहू के संरक्षण में 23 से 27 फरवरी को होटल में पांच दिवसीय अंतर राज्यीय युवा आदान प्रदान आवासीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन एवं सहयोग कार्य के लिए स्वयंसेवक सुशांत पटनायक, धीरज पटेल, खुशबू साहू और बिंदिया गुप्ता की भी सहभागिता रही। इस शिविर के अंतर्गत राजस्थान के पांच जिलों करौली, बाड़मेर, जैसलमेर, डूंगरपुर, श्रीगंगानगर से कुल 34 युवा प्रतिनिधिमंडल रायगढ़ पहुँचे, जहाँ उनका पारंपरिक स्वागत तिलक चंदन एवं गुलाब का फूल देकर किया गया।

शिविर का उद्देश्य विभिन्न राज्यों के युवाओं के बीच सांस्कृतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक आदान प्रदान को बढ़ावा देना तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करना रहा। आवासीय कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में अनुपम पाल भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित थे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज श्रीवास्तव कलाविद् रायगढ़ एवं विमर्ति गुप्ता उपस्थित थे।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल चंद्रपुर के तेजकुमार बने महामंत्री

**चंद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती छत्तीसगढ़ के युवा मोर्चा की जिला कार्यसमिति एवं मंडल अध्यक्ष महामंत्री की सूची की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन तथा भाजपा बिलासपुर संभाग प्रभारी रामू रोहरा एवं जिला प्रभारी सक्ती मनोज शर्मा साथ ही भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा एवं भाजपा सक्ती जिलाध्यक्ष टिकेश्वर सिंह गवेल की सहमति से युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आलोक पटेल द्वारा जिला कार्यसमिति एवं मंडल पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें चंद्रपुर मंडल से तेजकुमार राजू निषाद को युवा मोर्चा का महामंत्री मनोनीत किया गया तेजकुमार राजू निषाद लंबे समय से भाजपा पार्टी से जुड़े हुए है।



## गांवों में खड़ी तो कर दी जल जीवन मिशन की टंकिया, पानी का अता-पता नहीं

**बरमकेला।** जल जीवन मिशन का उद्देश्य था कि हर ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। यह योजना केवल पानी देने की नहीं, बल्कि ग्रामीण सम्मान, स्वास्थ्य और सुविधा से जुड़ी हुई पहल है। लेकिन बरमकेला जनपद की कई ग्राम पंचायतों में जो तस्वीर सामने आई है, वह काफी गंभीर है। बरमकेला से 5-7 किलोमीटर की दूर पंचायतों में जब वास्तविक स्थिति देखने का प्रयास किया गया, तो स्पष्ट हुआ कि योजना का क्रियान्वयन अधूरा, असंतोषजनक और कई जगहों पर केवल दिखावटी है।

कंचनपुर में जल जीवन मिशन के तहत टंकी का निर्माण किया गया। घरों में नल कनेक्शन भी दिए गए। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी नलों से पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी बनी, पाइपलाइन बिछी और नल लगाए गए तो पानी आना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रका है। सरपंच का कहना है कि अभी टंकी से घरों तक अंतिम कनेक्शन नहीं जोड़ा गया है। ग्राम पंचायत डभरा आधा



काम पूरा भुगतान हो गया है। डभरा में मुख्य गांव में आंशिक कार्य हुआ है, लेकिन इसके आश्रित ग्राम चंवरपुर में नल तक नहीं लगाए गए। भंवरपुर में नल लगे हैं पर पानी का कनेक्शन नहीं है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पाइपलाइन डालने के लिए सड़कों को खोदा गया, लेकिन मरम्मत नहीं कराई गई। यदि योजना का उद्देश्य सुविधा देना है लेकिन यहां लोगों को दोहरी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसी तरह के हालात छोटे आमकोनी का भी है। यहां नल लगे हैं पर पानी नहीं आता। डीपापारा में पहले से पानी की कमी है। महिलाएं आज भी दूर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि योजना की घोषणा के समय उन्हें बताया गया था कि अब पानी की समस्या खत्म होगी। लेकिन हकीकत में स्थिति जस की तस है। गोबरसिंघा में नाराजगी साफ दिखाई देती है। कहीं नल लगे हैं कहीं नहीं।

### प्राथमिका से करेंगे पूरा

टंकी बन चुकी है नल लग चुके हैं लेकिन पानी नहीं। सरपंच का कहना है कि जल्द प्राथमिकता देकर कार्य पूरा किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए जनपद सीईओ अजय पटेल और पीएचई विभाग से दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। जिन पंचायतों में पानी नहीं पहुंचा है वहां स्थिति सुधारने की कोई समय सीमा तय नहीं की गई है।

### गुणवत्ता जांच पर सवाल

बरमकेला जनपद की स्थिति यह संकेत देती है कि या तो मॉनिटिरंग नहीं हो रही है या क्रियान्वयन में गंभीर खामियां हैं। यदि समय रहते स्थिति नहीं सुधरी, तो यह केवल एक योजना की विफलता नहीं होगी, बल्कि ग्रामीण विकास की प्राथमिकताओं पर भी प्रश्नचिह्न होगा। इसकी गुणवत्ता की जांच को लेकर भी कई तरह के सवाल खड़े होने लगा है। ग्रामीणों द्वारा जांच और अधूरे काम को पूरा करने की मांग की जा रही है।





